भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1667
सोमवार, 31 जुलाई, 2023/9 श्रावण, 1945 (शक)

आंध्र प्रदेश में केंद्र-प्रायोजित योजनाएं

1667. श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान मंत्रालय द्वारा आन्ध्र प्रदेश राज्य में कार्यान्वित की जा रही केंद्र-प्रायोजित योजनाओं का वर्ष-वार, जिला-वार और योजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) तेलंगाना में उक्त अवधि के दौरान उपर्युक्त प्रत्येक योजना पर स्वीकृत, अनुमोदित, जारी और खर्च की गई राशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान निर्धारित और प्राप्त किए गए वास्तविक लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त लक्ष्यों को प्राप्त न कर पाने के क्या कारण हैं**?**

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ): पिछले पांच वर्षों के दौरान, श्रम और रोजगार मंत्रालय तीन केंद्र प्रायोजित योजनाएं अर्थात् राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस), प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई), और एससी, एसटी और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए कोचिंग और मार्गदर्शन, लागू कर रहा था। पीएमआरपीवाई योजना दिनांक 31.03.2022 से बंद कर दी गई है। एनसीएस तथा एससी, एसटी और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए कोचिंग और मार्गदर्शन योजनाओं को वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान केंद्रीय योजना के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार धनराशि केवल एनसीएस योजना के तहत जारी की जाती है। तेलंगाना राज्य में पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान एनसीएस योजना के तहत स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई राशि इस प्रकार है: -

राज्य	स्वीकृत राशि	जारी राशि	उपयुक्त राशि
तेलंगाना	482.14	369.04	101.88

एनसीएस योजना के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाएँ, निःशुल्क और स्वैच्छिक हैं। एनसीएस द्वारा प्रदान की गई सेवाओं का अधिकतम उपयोग करने के उद्देश्य से नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं सहित सभी हितधारकों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी प्रयास किए जाते हैं। इसका मुख्य लक्ष्य इन सेवाओं का उपयोग बढ़ाना है।

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य में, पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान, एनसीएस योजना की उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार है:

मापदंड	वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक (15 जुलाई 2023 तक)	
	आंध्र प्रदेश	तेलंगाना
पंजीकृत नौकरी चाहने वाले	7,05,061	6,12,978
पंजीकृत नियोक्ता	35,792	50,418
जुटाई गईं रिक्तियां	1,29,562	3,54,356
करियर/व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया	51,136	10,778

*****